**राज्यपाल सचिवालय**

**राजभवन, जयपुर**

***राज्यपाल ने शिल्प मेले का उद्घाटन किया***

जयपुर/बीकानेर, 25 फरवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने बीकानेर में शनिवार को राष्ट्रीय संस्कृति महोत्सव के अंतर्गत शिल्प मेले का उद्घाटन किया ।

राज्यपाल श्री मिश्र ने दीप प्रज्वलित कर शिल्प मेले का उद्घाटन करने के बाद शिल्पकारों और कलाकारों का अभिनंदन करते हुए ऐसे आयोजनों को भारतीय संस्कृति से जुड़े उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण बताया । उन्होंने शिल्प मेले में प्रदर्शित उत्पादों का भी अवलोकन किया इस अवसर पर लोक कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई ।

इस दौरान केंद्रीय संस्कृति एवं संसदीय कार्य राज्यमंत्री श्री अर्जुनराम मेघवाल, पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र की निदेशक श्रीमती किरण सोनी गुप्ता सहित अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे ।

------